Adda247 GET IT ON Google Play

# प्रश्न पुस्तिका
# QUESTION BOOKLET

**OS5**

समय / Time : 2 घंटे/2 Hours

पूर्णांक /Maximum Marks : 100

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश/INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

अभ्यर्थी द्वारा ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर पंजीयन संख्या, अनुक्रमांक, प्रश्न पुस्तिका क्रमांक, परीक्षा केन्द्र कोड, परीक्षा तिथि तथा पाली आदि सभी प्रविष्टियां को काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन से भरना अनिवार्य है । ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में प्रश्न पुस्तिका क्रमांक की प्रविष्टि को न भरे जाने अथवा गलत भरने की दशा में ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।

It is compulsory for the candidate to fill all entries on the OMR Answer Sheet like Registration No., Roll No., Question Booklet No., Exam Centre Code, Date of Examination and Shift etc. using Black/Blue ball point pen. In case of making no entry or making wrong entry of Question Booklet No. on OMR Answer Sheet, the evaluation of OMR Answer Sheet shall not be done and the candidate himself/herself will be responsible for it.

1. परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की भली-भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक **1** से अन्तिम प्रश्न क्रमांक **100** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं प्रश्न पुस्तिका में सभी पृष्ठ मौजूद हैं । अभ्यर्थी को, उपलब्ध कराये गये सील्ड पैकेट में रक्षित प्रश्न पुस्तिका व उसके साथ रखे गये ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक का ही प्रयोग करना होगा । इन में किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दोनों को अंतरीक्षक से बदलवा लें । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।
   At the start of the examination, check your Question Booklet and OMR Answer Sheet and ensure that all the questions from Q.No. **1** to last Q.No. **100** are printed and all the pages are present in the Question Booklet. Only the OMR Answer Sheet and the Question Booklet kept in the sealed packet provided to the candidate shall be used. In case of any discrepancy, the candidate should replace the Question Booklet and OMR Answer Sheet from the invigilator. No objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.
2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
   Answer all questions. All questions carry equal marks.
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए । ओवरराइटिंग और एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा तथा **ऐसे प्रत्येक उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक काटा जाएगा ।** प्रश्न को अनुत्तरित छोड़ने पर शून्य अंक दिया जाएगा ।
   Only one answer is to be given for each question. Overwriting and marking multiple answers will be considered as wrong answers and **1/4 mark will be deducted for each such answer.** Leaving a question unanswered will get zero mark.
4. प्रत्येक प्रश्न के पाँच वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) और (E) अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर **काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन** से भरना है ।
   Each question has five alternative responses marked serially as (A), (B), (C), (D) and (E). You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR Answer Sheet using **BLACK/BLUE BALL POINT PEN**.
5. कैलकुलेटर, मोबाइल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी ।
   Use of Calculator, Mobile Phone/Bluetooth devices or any other electronic gadget in the Examination Hall is strictly prohibited. If any such prohibited material found with any candidate, strict action will be taken against him/her as per rule.
6. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की अस्पष्टता/त्रुटि हो तो प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण मान्य होगा ।
   If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
7. अभ्यर्थी परीक्षा-भवन छोड़ने से पहले ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की सभी तीनों प्रतियाँ अलग किये बिना अंतरीक्षक को सौंप दें, अन्यथा अभ्यर्थी उचित दण्ड/वैधानिक कार्यवाई के पात्र होंगे । ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति अंतरीक्षक द्वारा अलग करके अभ्यर्थी को दे दी जायेगी ।
   Before leaving the Examination Hall, candidate must hand over all the three copies of OMR Answer Sheet to the invigilator without separating them, otherwise candidate will be liable for appropriate penal/legal action. Invigilator will hand over the candidate's copy of OMR Answer Sheet to the candidate after separating it.
8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी अपने ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की तृतीय प्रति (अभ्यर्थी प्रति) तथा अपनी प्रयुक्त प्रश्न पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।
   After the exam is over, the candidates can take their third copy (candidate copy) of OMR Answer Sheet and used Question Booklet along with them.

**इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
20,000+ Previous Year Papers
500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

1. नौवीं पंचवर्षीय योजना ________ पर केंद्रित थी ।
   A) आर्थिक न्याय के साथ विकास
   B) शिक्षा और रोजगार के साथ विकास
   C) रोजगार के साथ विकास
   D) सामाजिक न्याय और समानता के साथ विकास
   E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

   Ninth Five Year Plan focused on
   A) Growth with economic justice
   B) Growth with education and employment
   C) Growth with employment
   D) Growth with social justice and equality
   E) None of the above

2. विनय हंसिका से लंबा है, हंसिका अभय से लंबी है, आलोक अशोक से लंबा है और अशोक विनय से लंबा है । समूह में सबसे छोटा कौन है ?
   A) अशोक
   B) हंसिका
   C) आलोक
   D) अभय
   E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

   Vinay is taller than Hansika, Hansika is taller than Abhay, Aalok is taller than Ashok and Ashok is taller than Vinay. Who is the shortest in the group ?
   A) Ashok
   B) Hansika
   C) Aalok
   D) Abhay
   E) None of the above

3. 20 दिसंबर, 2024 को भारत सरकार ने हरित और टिकाऊ बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के समर्थन हेतु किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन के साथ 500 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए ?
   A) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
   B) एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB)
   C) विश्व बैंक
   D) एशियाई विकास बैंक (ADB)
   E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

   On December 20, 2024 the Government of India signed a $500 million loan agreement with which international organization to support green and sustainable infrastructure projects ?
   A) International Monetary Fund (IMF)
   B) Asian Infrastructure Investment Bank (AIIB)
   C) World Bank
   D) Asian Development Bank (ADB)
   E) None of the above

4. 437 और 487 के बीच पूर्ण संख्याओं की संख्या क्या है ?
   A) 50 B) 51
   C) 49 D) 48
   E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

   The number of whole numbers between 437 and 487 is
   A) 50 B) 51
   C) 49 D) 48
   E) None of the above

Adda247
GET IT ON Google Play

5. GATT का तात्पर्य ________ से है ।
A) जनरल अग्रिमेंट ऑन टैरिफ्स एण्ड ट्रेड
B) जनरल अग्रिमेंट ऑन टैक्स एण्ड ट्रेड
C) जनरल अग्रिमेंट ऑन ट्रेड एण्ड टर्म्स
D) जनरल अग्रिमेंट ऑन टैरिफ्स एण्ड टैक्स
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

GATT stands for
A) General Agreement on Tariffs and Trade
B) General Agreement on Tax and Trade
C) General Agreement on Trade and Terms
D) General Agreement on Tariffs and Tax
E) None of the above

**निर्देश (प्र. सं. 6 से प्र. सं. 10) :** नीचे दी गई तालिका एक घंटे में 6 इकाइयों P, Q, R, S, T और U द्वारा शर्ट कंपनी के उत्पादन को दर्शाती है। तालिका देखें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें ।

| उत्पादन इकाई | कुल शर्ट | काले : सफेद |
|---|---|---|
| P | 5225 | 10 : 9 |
| Q | 3150 | 9 : 5 |
| R | 5625 | 7 : 8 |
| S | 3825 | 4 : 13 |
| T | 4875 | 4 : 9 |
| U | 4950 | 11 : 7 |

**नोट :** ये इकाइयाँ केवल दो रंगों अर्थात् काले और सफेद में शर्ट बनाती हैं ।

**Direction (Q. No. 6 to Q. No. 10) :** The table given below shows production of Shirt Company by 6 units P, Q, R, S, T and U in one hour. Refer the table and answer the questions given below.

| Production Unit | Total Shirts | Black : White |
|---|---|---|
| P | 5225 | 10 : 9 |
| Q | 3150 | 9 : 5 |
| R | 5625 | 7 : 8 |
| S | 3825 | 4 : 13 |
| T | 4875 | 4 : 9 |
| U | 4950 | 11 : 7 |

**Note :** These units produce shirts in only two colors i.e. Black and White.

6. इकाई U में उत्पादित सफेद शर्टों की संख्या इकाई P में उत्पादित काले शर्टों की संख्या से कितने प्रतिशत कम है ?
A) 40% B) 50%
C) 30% D) 65%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The number of white shirts produced in unit U is how much percent less than the number of black shirts produced in unit P ?
A) 40% B) 50%
C) 30% D) 65%
E) None of the above

7. किस इकाई के लिए काले शर्ट और सफेद शर्ट की संख्या के बीच का अंतर अधिकतम है ?
A) S B) Q
C) P D) R
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

For which unit the difference between number of black shirts and white shirts is maximum ?
A) S B) Q
C) P D) R
E) None of the above

8. इकाइयों Q और U द्वारा उत्पादित काले शर्टों की संख्या का इकाइयों P और Q द्वारा उत्पादित सफ़ेद शर्टों की संख्या से अनुपात क्या है ?
A) 101 : 72 B) 111 : 72
C) 101 : 73 D) 72 : 111
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of number of black shirts produced by units Q and U together to the number of white shirts produced by units P and Q together ?
A) 101 : 72 B) 111 : 72
C) 101 : 73 D) 72 : 111
E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

9. इकाई Q, R और S में उत्पादित काले शर्टों की औसत संख्या क्या है ?

A) 1700
B) 1850
C) 1500
D) 1650
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the average number of black shirts produced in unit Q, R and S ?

A) 1700
B) 1850
C) 1500
D) 1650
E) None of the above

10. इकाई S और T द्वारा उत्पादित काले शर्टों की संख्या इकाई S और T द्वारा उत्पादित शर्टों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत है ?

A) 600/11%
B) 700/19%
C) 800/11%
D) 800/29%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The number of black shirts produced by units S and T together is what percent of total number of shirts produced by units S and T together ?

A) 600/11%
B) 700/19%
C) 800/11%
D) 800/29%
E) None of the above

11. मंत्री द्वारा प्रस्तावित विधेयक को क्या कहा जाता है ?

A) मंत्री का विधेयक
B) सरकारी विधेयक
C) निजी सदस्य का विधेयक
D) गैर-धन विधेयक
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A bill proposed by a minister is called as

A) Minister's bill
B) Government bill
C) Private member's bill
D) Non-money bill
E) None of the above

12. जैन धार्मिक परंपरा में कितने तीर्थंकर हैं ?

A) 14
B) 24
C) 12
D) 22
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

How many Tirthankaras are there in the Jain religious tradition ?

A) 14
B) 24
C) 12
D) 22
E) None of the above

13. निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को हॉकी के लिए नियमित श्रेणी में 2024 का द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला ?

A) बलजीत सिंह
B) संदीप सांगवान
C) हरेंद्र सिंह
D) धनराज पिल्ले
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following person received the Dronacharya Award 2024 in the Regular Category for Hockey ?

A) Baljeet Singh
B) Sandeep Sangwan
C) Harendra Singh
D) Dhanraj Pillay
E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

14. सुंदरबन किस प्रकार के वनों के लिए प्रसिद्ध है ?

A) मैंग्रोव
B) सदाबहार
C) अल्पाइन
D) शीतोष्ण
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Sundarbans are famous for which type of forests ?

A) Mangrove
B) Evergreen
C) Alpine
D) Temperate
E) None of the above

15. 2024 वैश्विक जल निगरानी रिपोर्ट तैयार करने का नेतृत्व किस विश्वविद्यालय ने किया ?

A) भारतीय विज्ञान संस्थान
B) द ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय
C) हार्वर्ड विश्वविद्यालय
D) ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which University led the preparation of the 2024 Global Water Monitor Report ?

A) Indian Institute of Science
B) The Australian National University
C) Harvard University
D) University of Oxford
E) None of the above

16. दशमलव 0.12 का प्रतिशत रूप क्या है ?

A) 1.2%
B) 120%
C) 12%
D) 0.12%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The percentage form of the decimal 0.12 is

A) 1.2 %
B) 120%
C) 12%
D) 0.12%
E) None of the above

17. निम्नलिखित में से सर्वथा भिन्न ज्ञात कीजिए ।

A) लिली
B) कमल
C) गुलाब
D) अंगूर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the odd one from the following.

A) Lily
B) Lotus
C) Rose
D) Grapes
E) None of the above

18. नॉर्वे की राजधानी है

A) पॉडगोरिका
B) ओस्लो
C) विंडहोक
D) मनीला
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The capital of Norway is

A) Podgorica
B) Oslo
C) Windhoek
D) Manila
E) None of the above

19. 'उपनिषद्' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

A) गुप्त अनुष्ठान
B) किसी के पास बैठना
C) पवित्र छंद
D) ईश्वर की शिक्षाएँ
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the literal meaning of the word 'Upanishad' ?

A) Secret rituals
B) To sit near someone
C) Sacred verses
D) Teachings of God
E) None of the above

GET IT ON Google Play

20. भारत का मार्स ऑर्बिटर मिशन (MOM) कब प्रक्षेपित किया गया था ?

A) 2013 B) 2015

C) 2011 D) 2017

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

India's Mars Orbiter Mission (MOM) was launched in

A) 2013 B) 2015

C) 2011 D) 2017

E) None of the above

21. पहली पंचवर्षीय योजना (1951-56) के समय भारत तीन समस्याओं का सामना कर रहा था । वे थीं

A) भोजन, आश्रय और वस्त्र

B) मुद्रास्फीति, आश्रय और भोजन

C) भोजन, बेरोज़गारी और आश्रय

D) शरणार्थियों की आमद, भोजन की गंभीर कमी और बढ़ती मुद्रास्फीति

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

At the time of the First Five Year Plan (1951-56) India was faced with three problems. They were

A) Food, shelter and clothing

B) Inflation, shelter and food

C) Food, unemployment and shelter

D) Influx of refugees, severe food shortage and mounting inflation

E) None of the above

22. मुक्केबाज़ी में खेल के मैदान को क्या कहते हैं ?

A) मैदान B) रिंग

C) कोर्ट D) मैट

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The playing area in boxing is called

A) Field B) Ring

C) Court D) Mat

E) None of the above

23. सिंधु घाटी सभ्यता की "नृत्य करने वाली लड़की" के रूप में प्रसिद्ध प्रतिमा किस स्थल पर खोजी गई थी ?

A) कोट-दीजी B) मोहेंजोदड़ो

C) रोपड़ D) कालीबंगन

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The famous statue known as the "Dancing Girl" of the Indus Valley Civilization was discovered at which site ?

A) Kot-Diji B) Mohenjodaro

C) Ropar D) Kalibangan

E) None of the above

24. मानव आँख में प्रवेश करने वाले प्रकाश की मात्रा को नियंत्रित करता है

A) सिलिअरी मसल्स B) कॉर्निया

C) प्यूपिल D) आइरिस

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The amount of light entering the human eye is controlled by

A) Ciliary muscles B) Cornea

C) Pupil D) Iris

E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

25. पृथ्वी पर सबसे शुष्क स्थान कौन-सा रेगिस्तान माना जाता है ?

A) अटाकामा
B) सहारा
C) गोबी
D) कालाहारी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which desert is considered the driest place on Earth ?

A) Atacama
B) Sahara
C) Gobi
D) Kalahari
E) None of the above

26. राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 निम्नलिखित में से किस तिथि को मनाया जाता है ?

A) 24 जनवरी
B) 8 मार्च
C) 11 अक्टूबर
D) 25 दिसंबर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

National Girl Child Day 2025 is observed on which of the following date ?

A) 24th January
B) 8th March
C) 11th October
D) 25th December
E) None of the above

27. 2 संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 120 और 6 है । यदि उनमें से एक संख्या 30 है, तो अन्य संख्याएँ ज्ञात कीजिए ।

A) 33
B) 24
C) 27
D) 18
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The LCM and HCF of 2 numbers are 120 and 6 respectively. If one of the number is 30, find the other.

A) 33
B) 24
C) 27
D) 18
E) None of the above

28. बौद्ध धर्म में '*तिपिटक*' या '*त्रिपिटक*' शब्द का अर्थ क्या है ?

A) बुद्ध के तीन पवित्र विहार
B) तीन टोकरियाँ/संग्रह, जिनमें बौद्ध शिक्षाएँ हैं
C) बुद्ध के तीन अवतार
D) बुद्ध के तीन प्रथम अनुयायी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What does the term *Tipitaka* or *Tripitaka* refer to in Buddhism ?

A) Three sacred viharas of Buddha
B) Three baskets/collections, contains Buddhist teachings
C) Three incarnation of Buddha
D) Three first followers of Buddha
E) None of the above

29. 2025 विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में महिला एकल का खिताब किसने जीता ?

A) अमांडा अनिसिमोवा
B) एश्ले बार्टी
C) इगा स्वियाटेक
D) करोलिना प्लिस्कोवा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who won the women's singles title at the 2025 Wimbledon Tennis Championships ?

A) Amanda Anisimova
B) Ashleigh Barty
C) Iga Swiatek
D) Karolina Pliskova
E) None of the above

30. जनसंख्या घनत्व क्या है ?

A) एक क्षेत्र में जनसंख्या की संख्या
B) एक कार्य में लगे व्यक्तियों की संख्या
C) प्रति वर्ग किमी भूमि क्षेत्र में व्यक्तियों की संख्या का अनुपात
D) व्यक्ति सीमित भूमि क्षेत्र में रहते थे
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is density of population ?

A) Number of population in one area
B) Number of persons engaged in one work
C) A ratio of the number of persons per sq. km of land area
D) Persons were lived in limited area of land
E) None of the above

31. भूजल पुनर्भरण का मुख्य स्रोत क्या है ?

A) स्नोमेल्ट
B) समुद्री धाराएँ
C) नदी का पानी
D) वर्षा जल का अंत:स्यंदन
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the main source of groundwater recharge ?

A) Snowmelt
B) Ocean currents
C) River water
D) Rainwater infiltration
E) None of the above

32. निम्नलिखित में से कौन-से सामान्य खनिज अम्ल का उल्लेख किया गया है जो अपने सांद्रित रूप में बहुत संक्षारक होते हैं ?

A) एसिटिक एसिड, सिट्रिक एसिड, टार्टरिक एसिड
B) कार्बोनिक एसिड, फॉस्फोरिक एसिड, बोरिक एसिड
C) सल्फ्यूरिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड
D) फॉर्मिक एसिड, लैक्टिक एसिड, मैलिक एसिड
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं


Which of the following are mentioned as common mineral acid that are very corrosive in their concentrated form ?

A) Acetic acid, citric acid, tartaric acid
B) Carbonic acid, phosphoric acid, boric acid
C) Sulphuric acid, hydrochloric acid, nitric acid
D) Formic acid, lactic acid, malic acid
E) None of the above

Adda247
GET IT ON Google Play

**निर्देश (प्र. सं. 33 से प्र. सं. 37) :** ग्राफ़ का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । बार ग्राफ़ 2011 से 2016 तक एक कंपनी की आय और व्यय को दर्शाता है (करोड़ रु. में) ।

**Direction (Q. No. 33 to Q. No. 37) :** Study the graph and answer the questions given below. The bar graph shows the income and expenditure of a company from 2011 to 2016 (in crore Rs.).




33. 2011 से 2013 तक कुल आय 2013 से 2015 तक कुल व्यय से कितने प्रतिशत कम है ?

A) $15\frac{4}{9}\%$ B) $25\frac{5}{9}\%$

C) $15\frac{5}{9}\%$ D) $25\frac{4}{9}\%$

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By what percent total income from 2011 to 2013 is less than total expenditure from 2013 to 2015 ?

A) $15\frac{4}{9}\%$ B) $25\frac{5}{9}\%$

C) $15\frac{5}{9}\%$ D) $25\frac{4}{9}\%$

E) None of the above

34. यदि 2016 की तुलना में 2017 में कंपनी का लाभ 25% बढ़ा और आय 20% बढ़ी, तो 2017 में कंपनी का व्यय (करोड़ रु. में) क्या है ?

A) 475 B) 550

C) 425 D) 450

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the profit of the company increased by 25% and income increased by 20% in 2017 than 2016, what is the expenditure (in crore Rs.) of the company in 2017 ?

A) 475 B) 550

C) 425 D) 450

E) None of the above

35. कंपनी द्वारा 2013 से 2015 तक कुल कितना लाभ (करोड़ रुपये में) अर्जित की गई ?

A) 200 B) 100

C) 150 D) 50

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the overall profit (in crore Rs.) is earned by the company from 2013 to 2015 ?

A) 200 B) 100

C) 150 D) 50

E) None of the above

36. कंपनी द्वारा 2016 में अर्जित लाभ, कंपनी द्वारा 2015 में अर्जित लाभ से कितने प्रतिशत अधिक है ?

A) 50% B) 150%

C) 200% D) 100%

E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The profit earned by the company in 2016 is what percentage more than profit earned by the company in 2015 ?

A) 50% B) 150%

C) 200% D) 100%

E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

37. दिए गए वर्षों में विषम वर्षों में कंपनी द्वारा अर्जित लाभ (करोड़ रुपये में) क्या है ?

A) 150
B) 116.66
C) 126.66
D) 100
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the average profit (in crore Rs.) earned by the company in odd years among the given years ?

A) 150
B) 116.66
C) 126.66
D) 100
E) None of the above

38. बुझा हुआ चूना बनाने के लिए अबुझे चूने और पानी के बीच की रासायनिक प्रतिक्रिया की विशेषता है

A) रंग में परिवर्तन
B) अवक्षेप का निर्माण
C) तापमान में कमी
D) तापमान में वृद्धि
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The chemical reaction between quicklime and water to form slaked lime is characterized by

A) A change in color
B) The formation of a precipitates
C) A decrease in temperature
D) A rise in temperature
E) None of the above

39. रुद्रदामन के गिरनार शिलालेख में वर्णित सुदर्शन झील के निर्माण का श्रेय किस मौर्य अधिकारी को दिया जाता है ?

A) पुष्यगुप्त
B) भद्रबाहु
C) तुषास्फा
D) चाणक्य
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Mauryan official is credited with constructing the Sudarshan Lake as mentioned in the Girnar Rock Inscription of Rudradaman ?

A) Pushyagupta
B) Bhadrabahu
C) Tushaspha
D) Chanakya
E) None of the above

40. एक आयत की परिधि 13 सेमी है और इसकी चौड़ाई $2\frac{3}{4}$ सेमी है, इसकी लंबाई कितनी है ?

A) $3\frac{1}{4}$ सेमी
B) $1\frac{3}{4}$ सेमी
C) $3\frac{3}{4}$ सेमी
D) $5\frac{1}{2}$ सेमी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The perimeter of a rectangle is 13 cm and its width is $2\frac{3}{4}$ cm. Its length is

A) $3\frac{1}{4}$ cm
B) $1\frac{3}{4}$ cm
C) $3\frac{3}{4}$ cm
D) $5\frac{1}{2}$ cm
E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

41. भारत में मजदूरी रोजगार कार्यक्रम को और क्या कहा जाता है ?

A) स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
B) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम
C) सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना
D) स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Wage Employment Programme in India is also known as

A) Swarna Jayanti Gram Swarozgar Yojana
B) National Social Assistance Programme
C) Sampoorna Grameen Rozgar Yojana
D) Swarna Jayanti Shahari Rozgar Yojana
E) None of the above

42. 30 - 31 जनवरी, 2025 को "सुशासन" पर राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था ?

A) भोपाल, मध्यप्रदेश
B) गांधीनगर, गुजरात
C) जयपुर, राजस्थान
D) लखनऊ, उत्तर प्रदेश
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Where was the National Conference on "Good Governance" held on January 30 - 31, 2025 ?

A) Bhopal, Madhya Pradesh
B) Gandhinagar, Gujarat
C) Jaipur, Rajasthan
D) Lucknow, Uttar Pradesh
E) None of the above

43. पहला दक्षिण एशियाई खेल किस देश में आयोजित किया गया था ?

A) लाओस
B) श्रीलंका
C) इंडोनेशिया
D) नेपाल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The first South Asian Games held in which country ?

A) Laos
B) Sri Lanka
C) Indonesia
D) Nepal
E) None of the above

44. भारत में अंतिम ब्रिटिश वायसराय कौन था ?

A) राजगोपालाचारी
B) रिपन
C) लॉर्ड माउंटबेटन
D) कैनिंग
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The last British Viceroy in India was

A) Rajgopalachari
B) Ripon
C) Lord Mountbatten
D) Canning
E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

निर्देश (प्र. सं. 45 से प्र. सं. 49) : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

हिंदी साहित्य में ग्रामांचलिकता की प्रवृत्ति स्वातंत्र्योत्तर काल में पनप उठी है । महात्मा गाँधीजी के 'देहात की ओर चलो' इस नारे के अनुकरण पर ग्रामांचलिक साहित्य का आंदोलन शुरू हुआ । ग्रामीण लोगों का प्रबोधन करके उनमें चेतना जगाने का काम ग्रामांचलिक लेखकों ने किया है । वहाँ के जन-जीवन की समस्याओं को लोगों के सामने रखने का उद्देश्य ग्रामांचलिक साहित्यकारों में रहा है ।

ग्रामांचलिक साहित्य का प्रारंभ सन् 1950 के पश्चात् अधिक गति से शुरू हुआ । ग्रामीण जीवन को सही अर्थ में मुखरित करने का सफल प्रयास प्रेमचंद ने किया । अपनी कहानियों और उपन्यासों के माध्यम से इन्होंने ग्रामीण जीवन का मर्मस्पर्शी चित्रण किया है । प्रेमचंद के पूर्व काल में सेठ बाँकेमल के 'घराऊ घटना'-1883, 'वसंत मालती'-1899, 'अधखिला फूल'-1907, 'भोजपुरी की ठगी'-1912, 'राधाकांत' और 'अरण्यक'-1915, मन्नन द्विवेदी द्वारा लिखित 'रामलाल'-1914, शिवपूजन सहाय द्वारा लिखित 'देहाती दुनिया'-1925 आदि उपन्यासों में प्रारंभिक स्तर पर ग्रामांचलिकता के दर्शन होते हैं । प्रेमचंद के 'रंगभूमि', 'गोदान', 'प्रेमाश्रम' आदि उपन्यासों में ग्रामीण जीवन, पीड़ित ग्रामीणों में उभरने वाली चेतना के दर्शन होते हैं । इनके उपन्यासों में नई सामाजिक, आर्थिक व्यवस्था और परंपरागत ग्राम व्यवस्था के संक्रमण कालीन संदर्भ स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आए हैं । जयशंकर प्रसाद के 'तितली' में ग्राम जीवन की प्रवृत्तियों की ओर इशारा किया है । इसके बाद उदयशंकर भट्ट, अमृतलाल नागर, रांगेय राघव, देवेंद्र सत्यार्थी आदि इसी लीक पर चलते रहे, जिन्होंने ग्रामांचलिकता की मध्य स्थिति को अपनाया ।

हिंदी साहित्य में आँचलिकता के उन्नायक उपन्यासकार फणीश्वरनाथ 'रेणु' रहे हैं । उनके द्वारा लिखा गया पहला आँचलिक उपन्यास 'मैला आँचल'-1954, हिंदी का शुद्ध आँचलिक उपन्यास माना जाता है । इसके बाद आँचलिकता अधिक मात्रा में पनपती गई । आँचलिक साहित्य विविध रूपों में समृद्ध होता गया । इसका श्रेय शैलेश मटियानी, रांगेय राघव, रामदरश मिश्र, राही मासूम रजा, हिमांशु जोशी, भैरवप्रसाद गुप्त, जगदंबाप्रसाद, जगदीश गुप्त, अमृतलाल नागर, श्याम परमार, शिव प्रसाद सिंह, विवेकी राय आदि को दिया जा सकता है । सन् 1960 के पश्चात् ग्रामांचलिक धारा अधिक बलवती बनी । इसमें कविता, कहानी, उपन्यास, निबंध, रिपोर्ताज, रेखाचित्र आदि को यथावत स्थान प्राप्त हुआ ।

45. किस उपन्यासकार द्वारा लिखा गया पहला आँचलिक उपन्यास 'मैला आँचल' - 1954, हिन्दी का शुद्ध आँचलिक उपन्यास माना जाता है ?

A) भैरवप्रसाद गुप्त  B) जगदंबाप्रसाद
C) फणीश्वरनाथ 'रेणु' ✓  D) रांगेय राघव
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. किस उपन्यासकार के प्रमुख उपन्यास 'रंगभूमि', 'गोदान', 'प्रेमाश्रम' आदि उपन्यासों में ग्रामीण जीवन, पीड़ित ग्रामीणों में उभरने वाली चेतना के दर्शन होते हैं ?

A) कमलेश्वर  B) प्रेमचंद ✓
C) जयशंकर प्रसाद  D) यशपाल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

47. किसने 'देहात की ओर चलो' इस नारे के अनुकरण पर ग्रामांचलिक साहित्य का आंदोलन शुरू किया ?

A) दयानंद सरस्वती  B) महात्मा फुले
C) महात्मा गाँधी ✓  D) जवाहरलाल नेहरू
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

48. शिवपूजन सहाय द्वारा लिखित ________ 1925 आदि उपन्यासों में प्रारंभिक स्तर पर ग्रामांचलिकता के दर्शन होते हैं ।

A) देहाती दुनिया ✓  B) अरण्यक
C) घराऊ घटना  D) रामलाल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Adda247 GET IT ON Google Play

49. ग्रामांचलिक साहित्य का प्रारंभ सन् ________ के पश्चात् अधिक गति से शुरू हुआ ।
A) 1950
B) 1952
C) 1945
D) 1954
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्र. सं. 50 से प्र. सं. 54) :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

आज हिंदी भाषा जिस रूप में बोली और समझी जाती है वह खड़ी बोली का ही साहित्यिक भाषा रूप है, जिसका विकास मुख्यत: उन्नीसवीं शताब्दी में हुआ । खड़ी बोली का प्राचीन रूप दसवीं शताब्दी से मिलता है किन्तु चौदहवीं शताब्दी के प्रारंभ में अमीर खुसरो ने पहली बार खड़ी बोली में कविता की रचना की । मध्यकाल तक खड़ी बोली मुख्यत: बोलचाल की भाषा के रूप में ही प्रचलित थी । उस युग में ब्रजभाषा और अवधी काव्य की भाषा थी । ब्रजभाषा को सूरदास ने, अवधी को तुलसीदास ने और मैथिली को विद्यापति ने सिंचित और पल्लवित किया । उस समय फारसी राजदरबार में राजकाज की भाषा हुआ करती थी । अत: इन्हीं कारणों से खड़ी बोली उपेक्षित-सी रही, लेकिन समस्त उत्तर भारत में जनसंपर्क की यही एकमात्र सशक्त भाषा थी ।

19 वीं और 20 वीं शताब्दी में जब ज्ञान-विज्ञान का प्रसार हुआ तो खड़ी बोली सहज रूप से सर्वग्राह्य भाषा के रूप में तथा जनसंपर्क की भाषा के रूप में उभर कर सामने आई क्योंकि यही सबसे अधिक व्यापक थी ।

संसार में अंग्रेजी व चीनी भाषा के बाद हिंदी बोलने वालों की संख्या सर्वाधिक है । मुद्रण के आविष्कार, भारत में अंग्रेजी गद्य साहित्य के प्रसार, राजनीतिक जागरूकता के उद्भव, पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन, जनसाधारण तक पहुँचने की आवश्यकता आदि कारणों ने खड़ी बोली से विकसित हिंदी को सम्पूर्ण भारत की सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली जनसम्पर्क की भाषा के रूप में स्थापित कर दिया । इसी अवधि में भारतेन्दु हरिश्चंद्र महावीर प्रसाद द्विवेदी और प्रेमचन्द आदि ने हिंदी गद्य को निखारने व परिष्कृत करने में योगदान दिया । जन समुदायों को संबोधित करने के लिए गाँधी, तिलक, दयानन्द सरस्वती आदि राजनैतिक और धार्मिक नेताओं ने हिंदी का प्रयोग किया ।

सन् 1949 ई. में संविधान में देश की राजभाषा के रूप में स्वीकृत होने के पश्चात् इसने अब एक राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्थान प्राप्त कर लिया है । देश के अधिकतर राज्यों में शासन और शिक्षा की भाषा हिंदी है । पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र ने इसे द्वितीय भाषा के रूप में मान्यता दी है ।

50. सन् ________ ई. में संविधान में देश की राजभाषा के रूप में स्वीकृत होने के पश्चात् इसने अब एक राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्थान प्राप्त कर लिया है ।
A) 1948
B) 1949
C) 1947
D) 1952
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

51. संसार में अंग्रेजी व ________ भाषा के बाद हिन्दी बोलने वालों की संख्या सर्वाधिक है ।
A) ग्रीक
B) रूसी
C) फ्रेंच
D) चीनी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. मुख्यत: खड़ी बोली का विकास किस शताब्दी में हुआ ?
A) चौदहवीं
B) पंद्रहवीं
C) उन्नीसवीं
D) आठरहवीं
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

53. ब्रजभाषा को सूरदास जी ने, अवधी को तुलसीदास जी ने और मैथिली को किसने सिंचित और पल्लवित किया ?
A) घनानंद
B) विद्यापति
C) सरला दास
D) रसखान
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. किस कवि ने चौदहवीं शताब्दी के प्रारंभ में खड़ी बोली में कविता की रचना की ?
A) अमीर खुसरो B) सरला दास
C) विध्यपति D) दूर्जटी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. 'नाच' तद्भव शब्द है, उसका तत्सम शब्द ______ है ।
A) दस B) नव
C) नृत्य D) नेह
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. 'जो अनुकरण करने योग्य हो' उसे ______ कहते हैं ।
A) अनुकरणीय B) अकथनीय
C) अज्ञेय D) अभूतपूर्व
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

57. 'इंटरनेट क्रांति' निबंध में इंटरनेट के बारे में चर्चा की है, इंटरनेट का अर्थ ______ है ।
A) संबंध B) नजारिया
C) अंतर्जाल D) जानकारी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

58. 'अविष्कार' एक अशुद्ध शब्द है, निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द का चयन कीजिए ।
A) आविष्कार B) अविश्कार
C) अवीष्कार D) आविष्कर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

59. 'अभिनेता' पुल्लिंग शब्द है, उसका स्त्रीलिंग रूप ______ है ।
A) अबिनेत्री B) अभिनय
C) अभिनेत्री D) अभिनेती
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

60. ______ रिट तब जारी की जाती है जब न्यायालय पाता है कि कोई विशेष पदधारी कानूनी कर्तव्य नहीं निभा रहा है और इस तरह किसी व्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन कर रहा है ।
A) अधिकार पृच्छा B) बंदी प्रत्यक्षीकरण
C) उत्प्रेषण D) परमादेश
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

______ writ is issued when the court finds that a particular office holder is not doing legal duty and thereby is infringing on the right of an individual.
A) Quo Warranto B) Habeas corpus
C) Certiorari D) Mandamus
E) None of the above

61. लंदन में भारतीय होम रूल सोसाइटी की स्थापना किसके द्वारा की गई थी ?
A) श्यामजी कृष्णा वर्मा
B) सरदार सिंह राणा
C) कृष्णा स्वामी अय्यर
D) मदन लाल ढींगरा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Indian Home Rule Society in London was founded by
A) Shyamji Krishna Varma
B) Sardar Singh Rana
C) Krishna Swami Iyer
D) Madan Lal Dhingra
E) None of the above

62. अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस कब मनाया जाता है ?
A) 29 जुलाई B) 1 दिसंबर
C) 26 मार्च D) 13 अक्टूबर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

International Tiger Day is observed on
A) July 29 B) December 1
C) March 26 D) October 13
E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

63. प्रकाश को उसके घटक रंगों में विभाजित करने को क्या कहते हैं ?
A) परावर्तन
B) विवर्तन
C) अपवर्तन
D) फैलाव
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The splitting of light into its component colours is called
A) Reflection
B) Diffraction
C) Refraction
D) Dispersion
E) None of the above

64. किस भारतीय शहर ने भारत का पहला प्रमाणित ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड जारी किया है ?
A) रांची
B) गाजियाबाद
C) प्रयागराज
D) गांधीनगर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Indian city has issued India's first Certified Green Municipal Bond ?
A) Ranchi
B) Ghaziabad
C) Prayagraj
D) Gandhinagar
E) None of the above

65. 1 जनवरी, 2025 को गुजरात सरकार ने बनासकांठा जिले से अलग करके किस नए जिले की घोषणा की ?
A) धोलावीरा-आबू
B) वाव-थराद
C) डीसा-पालनपुर
D) पाटन-सिद्धपुर
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

On January 1, 2025 which new district was announced by the Gujarat government, carved out of Banaskantha district ?
A) Dholavira-Abu
B) Vav-Tharad
C) Deesa-Palanpur
D) Patan-Sidhpur
E) None of the above

66. काकरापार परमाणु ऊर्जा स्टेशन किस राज्य में स्थित है ?
A) उत्तर प्रदेश
B) हरियाणा
C) गुजरात
D) पंजाब
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Kakrapar Atomic Power Station is located in which State ?
A) Uttar Pradesh
B) Haryana
C) Gujarat
D) Punjab
E) None of the above

67. यदि $1^2 = 1$, $11^2 = 121$, तो $111^2 = ?$
A) 1234321
B) 123321
C) 12321
D) 12343210
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If $1^2 = 1$, $11^2 = 121$, then $111^2 = ?$
A) 1234321
B) 123321
C) 12321
D) 12343210
E) None of the above

68. एक विद्युत इस्त्री में 500 ओम के प्रतिरोध पर 250 वोल्ट का विभवान्तर लगाया जाता है । 10 सेकंड में जूल में उत्पादित ऊष्मा ऊर्जा की गणना करें ।
A) 125
B) 500
C) 250
D) 1250
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A potential difference of 250 volts is applied across a resistance of 500 ohms in an electric iron. Calculate heat energy produced in joules in 10 seconds.
A) 125
B) 500
C) 250
D) 1250
E) None of the above

Adda247
GET IT ON Google Play

69. 'राजाजी' के नाम से कौन जाना जाता था ?

A) राजेंद्र प्रसाद
B) जवाहरलाल नेहरू
C) सी. राजगोपालाचारी
D) सुभाष चंद्र बोस
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who was known as 'Rajaji' ?

A) Rajendra Prasad
B) Jawaharlal Nehru
C) C. Rajagopalachari
D) Subhash Chandra Bose
E) None of the above

70. ______ भारत के मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे, बल्कि सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 1976 में 42 वें संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़े गए थे ।

A) मौलिक कर्तव्य
B) निर्देशक सिद्धांत
C) मौलिक अधिकार
D) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

______ were not the part of original Constitution of India instead added in 1976 by 42nd Amendment Act on the recommendation of Sardar Swaran Singh Committee.

A) Fundamental Duties
B) Directive Principles
C) Fundamental Rights
D) Freedom of Speech and Expression
E) None of the above

71. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

A) वियना
B) ब्रुसेल्स
C) रियाद
D) अबू धाबी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Organization of Petroleum Exporting Countries (OPEC) is headquartered in

A) Vienna
B) Brussels
C) Riyadh
D) Abu Dhabi
E) None of the above

72. भारत की सबसे लंबी नदी कौन-सी है ?

A) ब्रह्मपुत्र
B) गोदावरी
C) यमुना
D) गंगा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which is the longest river in India ?

A) Brahmaputra
B) Godavari
C) Yamuna
D) Ganga
E) None of the above

Adda247
GET IT ON Google Play

**निर्देश (प्र. सं. 73 से प्र. सं. 77) :** निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें ।

नीचे दिए गए पैराग्राफ में तीन अलग-अलग दिनों यानी सोमवार, मंगलवार और बुधवार को निर्मित बैंगनी, हरे और ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या दिखाई गई है ।

सोमवार : निर्मित बैंगनी से हरे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का अनुपात 3 : 4 है और निर्मित बैंगनी से ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का अनुपात 3 : 2 है और निर्मित बैंगनी, हरे और ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का योग 450 है ।

मंगलवार : निर्मित बैंगनी रंग के गुब्बारों की कुल संख्या निर्मित ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या से 37.5% अधिक है और निर्मित हरे से ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का अनुपात 9 : 8 है । निर्मित बैंगनी रंग के गुब्बारों की कुल संख्या निर्मित हरे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या से 40 अधिक है ।

बुधवार : निर्मित बैंगनी रंग के गुब्बारों की कुल संख्या निर्मित हरे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का 5/11वाँ भाग है तथा निर्मित बैंगनी और ग्रे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या क्रमश: 150 और 240 है ।

**Direction (Q. No. 73 to Q. No. 77) :** Read the following information carefully and answer the questions.

The given below paragraphs shows the total number of purple, green and grey colour balloons manufactured on three different days i.e. Monday, Tuesday and Wednesday.

Monday : The ratio of the total number of purple to green colour balloons manufactured is 3 : 4 and the ratio of the total number of purple to grey colour balloons manufactured is 3 : 2 and the sum of the total number of purple, green and grey colour balloons manufactured is 450.

Tuesday : The total number of purple colour balloons manufactured is 37.5% more than the total number of grey colour balloons manufactured and the ratio of the total number of green to grey colour balloons manufactured is 9 : 8. The total number of purple colour balloons manufactured is 40 more than the total number of green colour balloons manufactured.

Wednesday : The total number of purple colour balloons manufactured is 5/11$^{th}$ of the total number of green colour balloons manufactured and the total number of purple and grey colour balloons manufactured is 150 and 240 respectively.

73. सोमवार, मंगलवार और बुधवार को एक साथ निर्मित ग्रे रंग के गुब्बारों की अनुमानित औसत संख्या ज्ञात कीजिए ।

A) 192
B) 105
C) 181
D) 167
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the approximate average number of grey colour balloons manufactured on Monday, Tuesday and Wednesday together.

A) 192
B) 105
C) 181
D) 167
E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

74. यदि गुरुवार को निर्मित कुल गुब्बारों की संख्या बुधवार की संख्या से 25% कम है और गुरुवार को निर्मित कुल बैंगनी, हरे और ग्रे रंग के गुब्बारों की संख्या का अनुपात क्रमशः 4 : 3 : 2 है, तो गुरुवार को निर्मित कुल बैंगनी रंग के गुब्बारों की संख्या ज्ञात कीजिए ।

A) 260
B) 240
C) 280
D) 220
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the total number of balloons manufactured on Thursday is 25% less than that of on Wednesday and the ratio of the total number of purple, green and grey colour balloons manufactured on Thursday is 4:3:2 respectively, then find the total number of purple colour balloons manufactured on Thursday.

A) 260
B) 240
C) 280
D) 220
E) None of the above

75. बुधवार को निर्मित हरे रंग के गुब्बारों की कुल संख्या का सोमवार को निर्मित बैंगनी रंग के गुब्बारों की कुल संख्या से अनुपात ज्ञात कीजिए ।

A) 8 : 13
B) 7 : 9
C) 6 : 1
D) 11 : 5
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the ratio of the total number of green colour balloons manufactured on Wednesday to the total number of purple colour balloons manufactured on Monday.

A) 8 : 13
B) 7 : 9
C) 6 : 1
D) 11 : 5
E) None of the above

76. मंगलवार को निर्मित कुल गुब्बारों की संख्या और सोमवार को निर्मित कुल ग्रे रंग के गुब्बारों की संख्या के बीच अंतर ज्ञात कीजिए ।

A) 460
B) 510
C) 290
D) 300
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the difference between the total number of balloons manufactured on Tuesday and the total number of grey colour balloons manufactured on Monday.

A) 460
B) 510
C) 290
D) 300
E) None of the above

77. बुधवार को निर्मित कुल ग्रे रंग के गुब्बारों की संख्या सोमवार को निर्मित कुल हरे और ग्रे रंग के गुब्बारों की संख्या का कितना प्रतिशत है ?

A) 50%
B) 70%
C) 80%
D) 40%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The total number of grey colour balloons manufactured on Wednesday is what percentage of the total number of green and grey colour balloons manufactured on Monday ?

A) 50%
B) 70%
C) 80%
D) 40%
E) None of the above

78. भारत के संविधान की शुरुआत ________ से होती है ।

A) निर्देशक सिद्धांत
B) नागरिकता
C) मौलिक अधिकार
D) प्रस्तावना
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Indian Constitution starts with

A) Directive Principles
B) Citizenship
C) Fundamental Rights
D) Preamble
E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

79. अगुआड़ा किला किस राज्य में स्थित है ?

A) महाराष्ट्र
B) केरल
C) गोवा
D) तमिलनाडु
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Aguada Fort is located in which State ?

A) Maharashtra
B) Kerala
C) Goa
D) Tamil Nadu
E) None of the above

80. एक आदमी की ओर इशारा करते हुए, एक महिला ने कहा "उसकी माँ मेरी माँ की इकलौती बेटी है" । महिला उस आदमी से किस तरह संबंधित है ?

A) बेटी
B) बहन
C) माँ
D) मौसी
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Pointing to a man, a lady said "His mother is the only daughter of my mother". How is the lady related to the man ?

A) Daughter
B) Sister
C) Mother
D) Aunt
E) None of the above

81. हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

A) 1921
B) 1934
C) 1922
D) 1924
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Hindusthan Republican Association was founded in the year

A) 1921
B) 1934
C) 1922
D) 1924
E) None of the above

82. 16 जनवरी, 2025 को पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया ?

A) अशोक चंद्र
B) एस. एस. मल्लिकार्जुन राव
C) अतुल कुमार गोयल
D) संजीव चड्ढा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who assumed charge as the Managing Director and Chief Executive Officer of Punjab National Bank on January 16, 2025 ?

A) Ashok Chandra
B) S. S. Mallikarjuna Rao
C) Atul Kumar Goel
D) Sanjiv Chadha
E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

**Direction (Q. No. 83 and Q. No. 84) :** Read the following passage and answer the questions by choosing the right option.

**The Journey of a River**

Rivers begin their journey high in the mountains, where melting snow or rainwater gathers to form small streams. These streams flow downhill, joining with others to become larger rivers. As the river travels, it shapes the land around it, carving valleys and creating habitats for many plants and animals. Along the way, rivers provide water for people, animals and crops. Towns and cities often develop near rivers because they offer a reliable water source and an easy way to transport goods. However, rivers can also flood, especially after heavy rains, which can damage homes and farms.

Many rivers eventually flow into oceans or seas, completing their long journey. To protect rivers, people must avoid polluting them with waste and chemicals. Keeping rivers clean helps ensure they continue to support life and benefit future generations.

83. How can people help protect rivers ?
   A) Avoid using river water
   B) Stop planting trees
   C) Build more dams
   D) Avoid polluting them
   E) None of the above

84. What happens when many small streams come together ?
   A) They become a waterfall
   B) They form a larger river
   C) They dry up
   D) They flow into the sea
   E) None of the above

85. Choose the opposite word (antonym) to the given word.
   Remote
   A) Isolated
   B) Near
   C) Faraway
   D) Distant
   E) None of the above

86. Choose the right answer from the five options given below to frame meaningful sentence.
   the/steps/old/man/fell/the/down
   A) The old man fell down the steps.
   B) The old man fell the steps down.
   C) The old steps fell the man down.
   D) The old steps down fell the man.
   E) None of the above

87. Fill in the blank with the correct option.
   My brother ______________ very hard at the moment, because some of his colleagues are off sick.
   A) work
   B) is working
   C) works
   D) working
   E) none of the above

88. 7:10 बजे घड़ी की सुइयों के बीच का कोण क्या होगा ?
   A) 155°
   B) 170°
   C) 185°
   D) 165°
   E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

   What will be the angle between the hands of clock at 7:10 ?
   A) 155°
   B) 170°
   C) 185°
   D) 165°
   E) None of the above

89. 'राज्य' की परिभाषा भारतीय संविधान में ______ के अंतर्गत दी गई है ।
   A) अनुच्छेद 12
   B) अनुच्छेद 14
   C) अनुच्छेद 13
   D) अनुच्छेद 15
   E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

   The definition of 'State' is provided under ___________ of the Indian Constitution.
   A) Article 12
   B) Article 14
   C) Article 13
   D) Article 15
   E) None of the above



OS5

Adda247

GET IT ON Google Play

90. पुतुल नाच किस भारतीय राज्य का कठपुतली नाट्य रूप है ?

A) असम
B) पश्चिम बंगाल
C) ओडिशा
D) केरल
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Putul Nach is a puppet form of which Indian State ?

A) Assam
B) West Bengal
C) Odisha
D) Kerala
E) None of the above

91. एक संघीय राज्य की सबसे अच्छी विशेषताएँ हैं


A) एक-दलीय शासन
B) सैन्य शासन
C) राजधानी में पूर्ण शक्ति
D) केंद्रीय और स्थानीय सरकारों के बीच शक्ति का बँटवारा
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A Federal State is best characterized by

A) One-party rule
B) Rule by military
C) Total power in the capital
D) Power shared between central and local governments
E) None of the above

**निर्देश (प्र. सं. 92 से प्र. सं. 96) :** नीचे दिया गया बार ग्राफ पांच वर्षों 2021, 2022, 2023, 2024 और 2025 में सिटि मैराथन में पुरुष और महिला प्रतिभागियों की संख्या दर्शाता है।

**Direction (Q. No. 92 to Q. No. 96 :** The bar graph given below shows the number of male and female participants in City Marathon in five years 2021, 2022, 2023, 2024 and 2025.




92. मैराथन में भाग लेने वाले औसत पुरुष प्रतिभागियों और मैराथन में भाग लेने वाली औसत महिला प्रतिभागियों के बीच क्या अंतर है ?

A) 660
B) 550
C) 450
D) 350
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the difference between average male participants in marathon and average female participants in marathon ?

A) 660
B) 550
C) 450
D) 350
E) None of the above

GET IT ON Google Play

93. 2026 में मैराथन में भाग लेने वाले कुल लोगों की संख्या ज्ञात कीजिए, यदि 2024 और 2025 में भाग लेने वाले औसत लोगों की तुलना में 2026 में कुल प्रतिभागियों की संख्या में 25% की वृद्धि हुई ।

A) 3700
B) 3775
C) 3800
D) 3875
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the total number of participants in marathon in 2026, if the total participants increased by 25% in 2026 over the average of participants in 2024 and 2025.

A) 3700
B) 3775
C) 3800
D) 3875
E) None of the above

94. किस वर्ष अधिकतम लोगों ने मैराथन में भाग लिया ?

A) 2022
B) 2021
C) 2025
D) 2023
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which year maximum people participated in marathon ?

A) 2022
B) 2021
C) 2025
D) 2023
E) None of the above

95. 2021 में मैराथन में भाग लेने वाली महिला प्रतिभागियों के प्रतिशत और 2023 में मैराथन में भाग लेने वाले पुरुष प्रतिभागियों के प्रतिशत के बीच क्या अंतर है ? (लगभग मान ज्ञात कीजिए)

A) 7.6%
B) 6.7%
C) 4.5%
D) 5.4%
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the difference between the percentage of female participants in marathon in 2021 and percentage of male participants in marathon in 2023 ? (Find approx. value)

A) 7.6%
B) 6.7%
C) 4.5%
D) 5.4%
E) None of the above

96. 2022, 2023, 2024 में मैराथन में भाग लेने वाले पुरुषों की औसत संख्या का 2021, 2022 और 2023 में भाग लेने वाली महिलाओं की औसत संख्या से अनुपात ज्ञात कीजिए ।

A) 28 : 41
B) 41 : 28
C) 48 : 51
D) 51 : 48
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the ratio of average number of males participated in marathon in 2022, 2023, 2024 to average number of female participated in 2021, 2022 and 2023.

A) 28 : 41
B) 41 : 28
C) 48 : 51
D) 51 : 48
E) None of the above

Adda247 GET IT ON Google Play

97. छठे बिम्सटेक (बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टि-सेक्टोरल टेक्निकल एण्ड इकॉनॉमिक को-ऑपरेशन) शिखर सम्मेलन का मेजबान कौन-सा देश है ?

A) भारत
B) थाईलैंड
C) श्रीलंका
D) म्यान्मार
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which country is the host of 6th BIMSTEC (Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic Co-operation) Summit ?

A) India
B) Thailand
C) Sri Lanka
D) Myanmar
E) None of the above

98. स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति कौन थे ?

A) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
B) पंडित जवाहरलाल नेहरू
C) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
D) मोतिलाल नेहरू
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The first President of the Independent India was

A) Dr. Sarvapalli Radhakrishnan
B) Pandit Jawaharlal Nehru
C) Dr. Rajendra Prasad
D) Motilal Nehru
E) None of the above

99. ____________ संसद सदस्यों के बीच आचार संहिता लागू करता है ।

A) अनुशासन समिति
B) विशेषाधिकार समिति
C) याचिका समिति
D) आचार समिति
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

____________ enforces the code of conduct among members of Parliament.

A) Discipline Committee
B) Committee on Privileges
C) Committee on Petitions
D) Ethics Committee
E) None of the above

100. राम की आयु श्याम की आयु से दोगुनी और सोहन की आयु से आधी है, श्याम मोहन से बड़ा है । सबसे बड़ा कौन है ?

A) राम
B) मोहन
C) सोहन
D) श्याम
E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The age of Ram is twice the age of Shyam and half the age of Sohan, Shyam is elder than Mohan. Who is the eldest ?

A) Ram
B) Mohan
C) Sohan
D) Shyam
E) None of the above